## एक नजर में

### उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने दी नववर्ष की शुभकामनाएं



**मंदसौर।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने नव वर्ष के शुभागमन पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। श्री देवड़ा ने कहां कि गत वर्षों में राज्य सरकार ने जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विकास, सुशासन और समावेशी प्रगति के नए आयाम स्थापित किए हैं। किसानों, युवाओं, महिलाओं और समाज के प्रत्येक वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प मजबूत हुआ है। श्री देवड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश हर क्षेत्र में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। उन्हें कहा कि निवेश के माध्यम से रोजगार निर्माण की दिशा में प्रदेश आगे बढ़ा है और अब नया वर्ष कृषि कल्याण को समर्पित होगा। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि नववर्ष सबके जीवन में स्वास्थ्य, सम्मान और समृद्धि लेकर आए। सब मिलकर एक सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित मध्यप्रदेश के निर्माण की दिशा में और तेजी से आगे बढ़ें, यही नववर्ष का संकल्प है।

### गोल चौराहा ट्रिपल डेथ केस
## आर्थिक लेनदेन की जांच तेज, डीआईजी के निर्देश पर हर एंगल से पड़ताल

**मंदसौर।** गोल चौराहा क्षेत्र में हुए ट्रिपल डेथ केस की जांच पुलिस ने तेज कर दी है। एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या के मामले में आर्थिक




लेनदेन से जुड़े तथ्यों की गहन पड़ताल की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह मामला गंभीर और संवेदनशील है, जिसकी जांच हर पहलू से की जा रही है। डीआईजी निमिष अग्रवाल ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच की समीक्षा की और अधिकारियों को साक्ष्यों की कड़ियां जोड़ने के निर्देश दिए। पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल डेटा और वित्तीय रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी तथ्यों का सत्यापन किया जाएगा। जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। मामले में दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### मनासा–बावड़ा मार्ग पर बाइक दुर्घटना, युवक गंभीर घायल
### सिर में गंभीर चोट के बाद जिला अस्पताल रेफर





**नीमच।** जिले के मनासा–बावड़ा मार्ग पर बुधवार देर रात एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद मनासा से जिला अस्पताल नीमच रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम बावड़ा निवासी 30 वर्षीय योगेश पिता जगदीश पाटीदार अपनी बाइक क्रमांक एमपी 44 एमके 6414 से जा रहे थे। इसी दौरान उनका वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। इस हादसे में योगेश के सिर में गंभीर चोट आई और वह घटनास्थल पर ही अचेत हो गए। राहगीरों ने तत्काल इसकी सूचना दी।सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस के ईएमटी और पायलट पंकज मालवीय मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल योगेश को मनासा के शासकीय अस्पताल पहुंचाया। मनासा अस्पताल में डॉक्टरों ने युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय नीमच रेफर कर दिया। फिलहाल योगेश की हालत नाजुक बताई जा रही है।

### कलेक्टोरेट में सामूहिक राष्ट्रगॉन एवं वन्दे मातरम का गायन



**नीमच।** कलेक्टर कार्यालय नीमच में गुरूवार को सामुहिक राष्ट्रगॉन एवं वंदेमातरम का गायन किया गया। राष्ट्रगॉन म.प्र.गान एवं वन्देमातरम का गायन ए.डी.एम श्री बी.एस.कलेश तथा जिला अधिकारी–कर्मचारियों की उपस्थिति में हुआ। इस मौके पर कलेक्टोरेट भवन स्थित सभी विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों ने सामुहिक रूप से राष्ट्रगॉन, वंदे मातरम एवं म.प्र.गॉन का गायन किया। तदपश्चात दिसंबर माह में शासकीय कार्यो की शुरूआत की गई। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्रसिह धार्वे सहित कलेक्टोरेट, राजस्व, भू–अभिलेख, श्रम, सहकारिता विभाग, शिक्षा, कोषालय, जनसम्पर्क कार्यालय, शहरी विकास अभिकरण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### व्यापारी संघ अध्यक्ष प्रत्याशी गोपाल



**नीमच।** मालवा के वैष्णोदेवी के नाम से प्रसिद्ध मां भादवामाता के नए वर्ष एक जनवरी गुरूवार को माताजी के दर्शन से साल की शुरूआत करने के लिए भक्तों की भीड उमडी। नीमच व्यापारी संघ अध्यक्ष पद चुनाव के लिए खडे हुए गोपाल गर्ग (जीजी) ने चमत्कारिक भादवामाता का आशीर्वाद लिया और भक्तों हलवा वितरित किया। अध्यक्ष प्रत्याशी गोपाल गर्ग जीजी ने भय व आतंक से छुटकारा दिलाने के लिए मां भादवा से कामनाएं की।गुरूवार सुबह मंडी व्यापारी एवं व्यापारी संघ प्रत्याशी गोपाल गर्ग जीजी मालवा की वैष्णोदेवी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मान्यता है कि मां भादवा ही भक्तों को बुलाती है, उनके बुलावे के बिना कोई भक्त नहीं पहुंच सकता। माताजी भक्तों को बुलाती है और देश के कौने–कौने से भक्त दर्शन के लिए पहुंचते है। कटरा की वैष्णोदेवी जैसी ही शक्ति व चमत्कार मां भादवामाता के है, इसलिए उन्हें मालवा की वैष्णोदेवी भी कहा जाता है। आज गुरूवार को सैकडों भक्त नए साल की शुरूआत करने के लिए मां भादवा के दरबार में पहुंचे। नीमच व्यापारी संघ अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी गोपाल जीजी ने चुनावी शंखनाद तेज कर दिया है। समाजसेवी अशोक अरोरा एक जनवरी को भादवामाता के दरबार में सपरिवार पहुंचे। सपत्नीक उन्होंने माताजी के दर्शन किए। नव वर्ष के अवसर पर भक्तों के लिए हलवा वितरण भी हुआ।

# दूषित पानी से संबंधित शिकायतों का तत्काल निराकरण के निर्देश दिए

## नपा जलकार्य समिति की बैठक, नपाध्यक्ष ने नपा के लाइनमैनों की बैठक ली



**मन्दसौर।** विगत दिनों इंदौर से दूषित पानी के कारण हुई दुर्घटना को ध्यान में रखते हुए मंदसौर नगर में कोई ऐसा घटनाक्रम नहीं हो इसके लिये नपा क्या–क्या आवश्यक प्रबंध कर सकती है इस मुख्य बिन्दू को लेकर गुरूवार को नपा के जलकार्य विभाग के प्रमुख कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, सीएमओ एवं डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अनिता चकोटिया, जलकार्य सभापति निलेश जैन ने नपा के लाईनमेनों की बैठक ली। इस बैठक में जलकार्य समिति के सदस्यगण कमलेश सिसौदिया, गोवर्धन कुमावत, सुनीता भावसार, सुनीता गुजरिया, माया भावसार, नपा कार्यपालन यंत्री पीएस. धारवे, नपा कार्यालय अधीक्षक अजय मारोठिया, लेखापाल गौरव नलवाया, नपा लाईन मेन मुकेश पुरोहित, नरेन्द्र खमेसरा, धर्मेन्द्र राव, सोहनलाल माली भी उपस्थित थे।

बैठक में नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने नपा कर्मचारियों को निर्देश दिया कि नपा के जलप्रदाय शाखा के कर्मचारीगण पेयजल वितरण के समय पूरे क्षेत्र में भ्रमण करें तथा नागरिकों से चर्चा करे यदि चर्चा में दुषित पानी की शिकायत प्राप्त होती है तो तत्काल पाईप लाईन, चेम्बर आदि चेक करे तथा शिकायत का त्वरित निराकरण करे। मंदसौर नगर में पानी की जो टंकिया है उनकी सफाई निर्धारित समय पर कराये। टंकियों पर सीडी व ढक्कन नहीं है तो उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर दोनों कार्य शीघ्रता से कराये। नपा के जल प्रदाय के प्रमुख स्त्रोत रामघाट एवं काला भाटा बांध पर चौकसी रखी जाये यहां अनावश्यक आवागमन नहीं हो यदि कोई यहां आये तो उनका रिकार्ड रजिस्टर में दर्ज किया जाये। दोनों स्थानों पर 8–8 घण्टे की पारियों में कर्मचारियों की नियुक्ति रहे। मंदसौर नगर में जहां भी पाईप लाईन बदलने की जरूरत है उसे सूचीबद्ध करें ताकि आगामी समय में उस पाइप लाइन को बदलने की कवायद की जा सके।

जलकार्य सभापति निलेश जैन ने कहा कि नपा की जलकार्य शाखा के कर्मचारी प्रात:काल जिस परिश्रम से कार्य करते है वह सराहनीय है। लेकिन हमें इंदौर के घटनाक्रम से सबक लेना है और अपने–अपने प्रभार के क्षेत्र में प्रतिदिन भ्रमण करना है ताकि दूषित पानी की शिकायत है तो उसका निराकरण हो, जहां भी नालियों के पास पाईप लाईने है उन्हें चेक करे तथा सीवरजेज योजना में इसे कैसे बदलना है या नाली का स्थान से पाईप लाईन की दूरी बनी रहे इसकी भी सूची बनाये।

बैठक में जलकार्य समिति सदस्य कमलेश सिसौदिया, गोवर्धन कुमावत, सुनीता गुजरिया ने अपने–अपने क्षेत्र में जो जलकार्य विभाग की जो छोटी बड़ी समस्याये है उनके निराकरण के लिये क्या–क्या किया जा सकता है इसका सुझाव भी दिया। बैठक मे यह सुझाव भी आया कि नपा के जलकार्य शाखा के कर्मचारियों का वाट्सअप ग्रुप बनाया जाये जो कि तत्काल समस्याओं के समाधान के लिये कार्य करे। बैठक में मिड इंडिया व गीता भवन अंडरब्रिज में जलभराव की समस्या के समाधान पर भी चर्चा हुई। साथ ही आगामी समय में कुओं की सफाई, उन पर जाली और ढक्कन लगाने संबंधी कार्य कराने पर भी चर्चा की गई। बैठक में कर्मचारियों ने भी अपने विषयों से अवगत कराया।



## नगर की बेटियों ने रच दिया इतिहास

**मंदसौर।** नगर की तीन होनहार बेटियों ने अलग–अलग खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नगर एवं जिले का नाम गर्व से रोशन किया है। प्रतिभाशाली खिलाड़ी मानवी बघेरवाल ने ए एसजीएफआई नेशनल कराते प्रतियोगिता (इंदौर) में मंदसौर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया और रजत पदक अपने नाम किया। वहीं दूसरी ओर, जया सिसौदिया एवं नंदिनी शर्मा ने वेस्ट जोन किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता (इंदौर) में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, गोवा, तेलंगाना सहित अनेक राज्यों के खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला करते हुए रजत पदक हासिल कर मंदसौर जिले को गौरवान्वित किया। इन तीनों बेटियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ अब ये खिलाड़ी आगामी मार्च माह में चेन्नई में आयोजित होने वाली नेशनल किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह जानकारी सिंह फाइट क्लब मन्दसौर कोच नितिराज सिंह चौहान ने दी। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर तीनों खिलाड़ियों का विश्वपति शिवालय गाँधी चौराहे पर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल कियावत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय दुबेला, परशुराम सेना प्रदेश अध्यक्ष पं. जितेंद्र व्यास, राजेश चौहान, महेंद्र सिंह सिसोदिया, हरीश सालवी, नरेंद्र त्रिवेदी, योगेश गोड़, युगल वगैरवाल, परी शर्मा, नमन शर्मा, लक्ष्य भावसार सहित अनेक खेल प्रेमी उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ये बेटियाँ आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेंगी।

# सीतामऊ के चयनित बास्केटबॉल खिलाड़ियों का स्वागत

## ऑल इंडिया प्रतियोगिता हेतु बाड़मेर रवाना होने से पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने दी शुभकामनाएं




**सीतामऊ।** सीतामऊ में आयोजित राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों के लिए ऑल इंडिया बास्केटबॉल प्रतियोगिता (बाड़मेर) में सहभागिता से पूर्व 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक सीतामऊ में विशेष कोचिंग कैंप का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर के समापन के पश्चात मंगलवार 31 दिसंबर को खिलाड़ियों के बाड़मेर प्रस्थान से पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सीतामऊ द्वारा उनका पुष्पहार पहनाकर एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया तथा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष गोविंद सिंह पंवार एवं रामेश्वर जामलिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हनुमंत सिंह राठौर, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश रावटी, भागीरथ भंभोरिया, रघुवीर सिंह राठौर, रमेशचंद्र मालवीया, पवन शर्मा, भैरूलाल राठौर, रविंद्र सिंह सेदरामाता, गोपाल लक्ष्यकार, राहुल भंभोरिया, मंगू भाई शेख, राजेश चावड़ा, शिवनारायण पाटीदार, दीपू सेन, प्रतीक गिरोटियां, सुंदरलाल सुनार्थी, प्रकाश सूर्यवंशी, नारायण सिंह देवड़ा, भंवरलाल जाट, भगत कुमावत, शंकर सिंह टाटका, कमलेश चौहान, राधेश्याम कुशवाह, मनोहर सिंह गुर्जर, जुझार लाल चकत्या, परमानंद सूर्यवंशी, कमल सिंह, कमलेश पाठक, गोपाल जाट, कालू सिंह, बलवंत भोई, राहुल ऐकलगढ़, विष्णु दीपाखेड़ा, बबलू पाटीदार, दिलीप जामलिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सभी वक्ताओं ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सीतामऊ के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम के अंत में नगर अध्यक्ष संग्राम सिंह राठौर ने सभी आगंतुकों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया।

## पीएमश्री प्राचार्य राव सेवानिवृत्त, शिक्षक संघ ने किया सम्मान



**मंदसौर। पीएम श्री एकीकृत शासकीय हाई स्कूल झावल के प्राचार्य मुकेश राव के शिक्षा विभाग में 37 वर्ष 1 माह की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ, ब्लॉक शाखा मंदसौर ने भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया।**

कार्यक्रम में संघ पदाधिकारियों व शिक्षकों की मौजूदगी में राव का शाल, श्रीफल व स्मृति चिह्न देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन से हुई। इस मौके पर संघ के प्रांतीय सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र लोहार, संभागीय अध्यक्ष शंकरलाल आंजना, जिला कोषाध्यक्ष कांतिलाल राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष रघुवीरसिंह सिसोदिया सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। सेवानिवृत्ति अवसर पर राव ने एबीआरएसएम के 50 कैलेंडर शिक्षक बंधुओं व मातृशक्ति बहनों को भेंट किए। उन्होंने कहा कि संगठन का ध्येय वाक्य 'राष्ट्र के हित में शिक्षा, शिक्षा के हित में शिक्षक, शिक्षक के हित में समाज' उन्हें सदैव प्रेरित करता रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वयं मुकेश राव रहे। विशेष अतिथि के रूप में संकुल प्राचार्य व जनशिक्षा केंद्र प्रभारी शंकरलाल आंजना, जनशिक्षक रामचंद्र लोहार और ग्राम पंचायत झावल के सरपंच लाला गुर्जर मौजूद रहे। सरपंच गुर्जर ने ग्राम पंचायत कार्यकारिणी के लिए भी एबीआरएसएम कैलेंडर मंगवाने का आग्रह किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन व अभिनंदन पत्र वाचन जुझारलाल चौहान ने किया, जबकि आभार रमेशचंद्र मालवीय ने माना। समारोह में शिक्षक, अभिभावक, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# मजदूरी के पैसे का विवाद बना मौत की वजह

**मारपीट के बाद बुजुर्ग की संदिग्ध मौत से पुलिस कार्रवाई पर उठे सवाल**



**नीमच।** जीरन थाना क्षेत्र में मजदूरी भुगतान को लेकर हुए विवाद के बाद एक बुजुर्ग की मौत ने कानून–व्यवस्था और पुलिस कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्राम हरवार निवासी 63 वर्षीय मोहनलाल पिता चमनलाल धानुक की गुरुवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन मोहनलाल को बेसुध हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में आक्रोश फैल गया। परिजनों का आरोप है कि यह मौत प्राकृतिक नहीं, बल्कि कुछ दिन पहले हुई मारपीट का परिणाम है, जिस पर पुलिस ने समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं की। बीते दिनों मजदूरी के भुगतान को लेकर ग्राम अहमदपुरा निवासी दिनेश, उसका भाई भेरू पिता भागीरथ एवं एक अन्य व्यक्ति से मोहनलाल का विवाद हुआ था। आरोप है कि विवाद के बाद उक्त लोग मोहनलाल के घर पहुंचे और उसके साथ मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने जीरन थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। परिवार का कहना है कि मारपीट के बाद से मोहनलाल की तबीयत लगातार बिगड़ती रही, लेकिन समय पर न इलाज मिला और न ही आरोपियों पर सख्ती दिखाई गई।

गुरुवार सुबह अचानक मोहनलाल की हालत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने निष्पक्ष जांच और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

**एक नजर** — आदतन अपराधियों के विरूद्ध पुलिस की सख्त कार्रवाई, अपराधों पर रहा नियंत्रण

# वर्ष 2025 में अपराधों के निराकरण में नीमच पुलिस का सफलतम प्रदर्शन



**नीमच।** पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसौदिया नगर पुलिस अधीक्षक नीमच, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जावद एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनासा के मार्गदर्शन एवं जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में वर्ष 2025 में कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, अपराधों में पतारसी, सामुदायिक पुलिसिंग के तहत प्रभावी कार्रवाई की गई। जिसके फलस्वरूप सम्पूर्ण जिलें में वर्ष में न केवल अपराधों पर नियंत्रण रहा है अपितू कानून व्यवस्था संबंधी कोई घटना घटित नही हुई, साथ ही अपराधियों में पुलिस का भय कायम रहते हुए आम जनता में पुलिस का विश्वास बढ़ा है।

वर्ष 2025 में विगत् वर्षो की तूलना में जिला पुलिस नीमच द्वारा अपराधो पर नियंत्रण में प्रभावी कार्रवाई की गई है, जो निम्नानुसार है–

1– वर्ष 2025 में भारतीय न्याय संहिता के अपराधों में वर्ष 2023 की तुलना में 12 प्रतिशत एवं 2024 की तुलना में 09 प्रतिशत की कमी आई है।

2– हत्या, सम्पत्ति संबंधी अपराध, महिलाओं के साथ बलात्संग, छेड़छाड़, बलवा की घटनाओं में कमी आई है।

3– लूट, चोरी, वाहन चोरी, नकबजनी के प्रकरणों में वर्ष में 65 प्रतिशत प्रकरणों में पतारसी एवं 65 प्रतिशत सम्पत्ति रिकवर की गयी है।

4– ऑपरेशन मुस्कान के तहत डोर टू डोर केम्पैन किया जाकर वर्ष में 95 प्रतिशत प्रकरणों में नाबालिगो की दस्तयाबी की गई है।

5– लम्बे समय से गुम महिला पुरूषों की दस्तयाबी हेतु माह नवम्बर 2025 में विशेष अभियान चलाया जाकर डोर टू डोर केम्पैन की कार्यवाही कर 150 गुम इंसान दस्तयाब किये गये। वर्ष 2008 से गुम नाबालिग बालिका की लगभग 17 वर्ष 06 माह पश्चात दस्तयाबी की गई है।

6– महिलाओं एवं बालिकाओं पर होने वाले अपराधो/छेड़छाड की घटनाओं को रोकने हेतु स्पॉट चिन्हित कर प्रकाश/सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था करवाई गई तथा ऐसे स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये।

7– लघु अधिनियम के अन्तर्गत वर्ष 2023 की तुलना में 12 प्रतिशत एवं 2024 की तुलना में 04 प्रतिशत अधिक कार्यवाही की गई है।

8– लम्बे समय से फरार चल रहे गैर म्यादी वांरटियों की धरपकड़ करते हुए गिरफ्तारी वारंटो में 92 प्रतिशत एवं स्थायी वारंटों में 25 प्रतिशत तामिली की गई है।

9– सड़क दुर्घटनाओं में वर्ष 2023 की तुलना में 12 प्रतिशत एवं 2024 की तुलना में 16 प्रतिशत की कमी आई है।

10– आपराधिक गतिविधयों में लिप्त 55 आदतन आरोपियों के विरूद्व जिला बदर के प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये तथा 02 आदतन आरोपियों के विरूद्व रासुका की कार्यवाही की गई है।

11– चैन स्नेचिंग गिरोह को पकड़ा जाकर 03 घटनाओं में लूटी गई 03 सोने की चेने जप्त की गई।

12– अपराधों में कमी लाने एवं पुलिस की दृश्यता बनाये रखने हेतु 28 स्थानों पर प्रतिदिवस साय: 05:00 से 11:00 बजे तक फिक्स पाईंट लगाये गये, जिससे सम्पत्ति संबंधी अपराधों में कमी आई है।

13– अवैध मादक पदार्थो की खेती का पता लगाने हेतु ड्रोन के माध्यम से सर्वे करवाया गया जिसके तहत 01 अफीम एवं 03 गांजे के खेतो का पता लगाया जाकर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई।

14– शहर में युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव से बचाने के लिये ऐसे व्यक्ति जो पुड़ियाओं के माध्यम से मादक पदार्थो की सप्लाई करते थे, ऐसे 08 प्रकरणों में 17 पेडलरों के विरूद्व कार्यवाही की गई।

15– शहर में हुई चोरियों में नीमच पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए 04 अन्तर्राज्जीय नकबजन गिरोह पकड़े जाकर चोरी गया मश्रुका जप्त किया गया।

16– आमजन की समस्या का समय पर निराकरण हेतु प्रति मंगलवार को जिला स्तर पर जनसुनवाई की जाकर समस्याओं का समाधान किया गया।

17 –जिला नीमच वर्ष 2025 में सीएम हेल्पलाईन के तहत प्राप्त होने वाली शिकायतों के निराकरण में प्रथम 10 स्थानों पर रहा है।